महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल नेतृत्व में अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनांक ११–०२–२०१५ को "हिन्दी साहित्य परिषद्" और "सामाजिक–विज्ञान मंच" के तत्वावधान में कहानी–लेखन, कविता–पाठ और भाषण–प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्राचार्य महोदय ने युवाओं में मौलिक लेखन को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय की ओर से सर्वश्रेष्ठ कहानी लेखन को चल वैजयन्ती "प्रेमचन्द पुरस्कार" देकर सम्मानित करने की घोषणा की. जिसमें आस–पास के आठ महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कहानीकार श्रीमती सुदर्शन रत्नाकर रहीं. उन्होंने सामाजिक और पारिवारिक सरोकारों पर अनेक प्रेरक कहानियाँ लिखीं और दो बार हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत हो चुकी हैं. भाषण प्रतियोगिता का प्रमुख विषय "आधुनिक जीवन : अकेलेपन की त्रासदी", "हमारी बेटी हमारा गर्व", तथा "साक्षरता : लोकतंत्र की सार्थकता" रहे. कविता पाठ प्रतियोगिता के विषय सामाजिक सरोकार और देशभक्ति रहा. सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया. कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति चौहान (मॉ ओमवती कॉलेज), द्वितीय स्थान रिचा (अग्रवाल शिक्षण महाविद्यालय) तथा तृतीय स्थान पूनम (अग्रवाल कॉलेज, संभाग तृतीय) ने प्राप्त किया. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु (के.एल. मेहता) द्वितीय स्थान निशा (एस.डी. कॉलेज, पलवल), तृतीय स्थान दिव्या (नेहरू कॉलेज , फरीदाबाद) तथा एक ओर तृतीय स्थान दीपक कुमारी (सरकारी कॉलेज, पलवल) प्रोत्साहन पुरस्कार प्रिया (अग्रवाल महाविद्यालय) ने प्राप्त किया. कविता–पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल (एस.डी. कॉलेज, पलवल) द्वितीय स्थान शिवानी (नेहरु कॉलेज, फरीदाबाद) तथा एक ओर द्वितीय स्थान पूजा (सरकारी कॉलेज पलवल) तृतीय स्थान प्रतीक (अग्रवाल शिक्षण संस्थान बल्लबगढ़) एक और तृतीय स्थान रिचा (के.एल. मेहता) ने प्राप्त किया तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता में विजयी प्रीति चौहान (माँ ओमवती कॉलेज) को चल वैजयन्ती प्रेमचन्द पुरस्कार से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के संयोजक डॉ० अशोक निराला

के अतिरिक्त इस कार्यक्रम में डॉ० जयपाल सिंह, श्रीमती किरण आनन्द, श्रीमती रितु चौधरी, डॉ० रेनू मेहश्वरी, डॉ० बाँके बिहारी, श्रीमती मंजू गुप्ता एवं श्रीमती पूनम अहलावत उपस्थित रहे. तथा दिनांक ११ फरवरी २०१५ को नेहरु कॉलेज में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय इम्पेक्ट प्रतियोगिता जो नेहरु कॉलेज के युगान्तर व आरोहन समिति के द्वारा आयोजित की थी उसमें अग्रवाल महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस टीम में अंकित सिंघला, पूजा जोशी, योगिता, मनीष और केतन थे. इन्होंने ने केवल प्रथम स्थान प्राप्त किया बल्कि वहाँ के लोगो में अपनी छाप भी छोडी. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई दीं तथा विद्यार्थियों को भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. यह कार्यक्रम महिला–प्रकोष्ठ के अन्तर्गत हुआ. महिला–प्रकोष्ठ की संयोजिका श्री शोभना गोयल, डॉ० उषा चौधरी, श्रीमती रेखा सैन एवं डॉ० प्राजक्ता ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी.